




## ग्रामीण सुरक्षा मजबूत करने बीएसपी, पुलिस व महिला कमांडो की संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा बीएसपी प्रबंधक,महिला कमांडो और पुलिस की संयुक्त पहल अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, ग्रामीण सुरक्षा को और मजबूत करने तथा नागरिकों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बालोद पुलिस, महिला कमांडो तथा बीएसपी प्रबंधन राजहरा के मध्य एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य फोकस ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और शाम के समय होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखना रहा। इस दौरान ग्रामीण इलाकों में

### संध्या गश्त को प्रभावी बनाने 100 सर्च टॉर्च वितरित



### ये रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा, डीएसपी बोनिफास एक्का, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, महिला कमांडो प्रमुख पद्मश्री शमशाद बेगम, सचिव रफीक खान, सदस्य भीमेश्वरी शांडिल्य तथा बीएसपी प्रबंधन राजहरा से रमेश हेडाऊ (सहायक महाप्रबंधक) एवं दुर्गेश मजगहे (वरिष्ठ प्रबंधक, सीएसआर) उपस्थित रहे। यह बैठक जिले में सामुदायिक सुरक्षा को नई ऊर्जा देने वाला कदम साबित हुई है।

संध्या गश्त को सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिए महिला कमांडो को बीएसपी प्रबंधन के सहयोग से 100 सर्च टॉर्च प्रदान किए गए। इन टॉर्चों के उपयोग से महिला कमांडो अब संदिग्ध गतिविधियों पर और अधिक सतर्कता के साथ निगरानी कर सकेंगी। आपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी,पुलिस को त्वरित सूचना देने की व्यवस्था को और मजबूत करना, साइबर अपराधों की रोकथाम एवं डिजिटल सुरक्षा जागरूकता,महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम के उपाय, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा और सुरक्षा चौकसी, सामाजिक ▶▶| शेष पेज 11 पर

## जिला जेल का कलेक्टर और एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कैदियों की सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने जिला जेल बालोद का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित जेलर एसपी कुर्रे एवं जेल प्रबंधन से जेल में सुरक्षा एवं कैदियों की समुचित देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जेल के बंदियों से बातचीत कर उनका हालचाल भी जाना। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला जेल के विभिन्न बैरकों में पहुँचकर वहाँ बंदियों के सुरक्षा एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने जेलर कुर्रे से जिला जेल की कुल क्षमता एवं वर्तमान में रखे गए कैदियों की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने एक ही स्थान से अधिक कैदी होने पर उन्हें अलग–अलग बैरकों में रखने के ▶▶| शेष पेज 11 पर

### अज्ञात बाइक की ठोकर से महिला की मौत



**गुरूर।** रात का खाना खाने के बाद पति के साथ बाहर टहलने निकली महिला को मोटर सायकल ने ठोकर मार दिया। जिसे परिजनो द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया जहां ईलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नगर के हनुमान मंदिर के पास की निवासी खोमिन साहू जो नगर मे ब्यूटी पार्लन संचालन का काम करती थी। जो रात का खाना खाने के बाद अंबेडकर चौक के पास पति के साथ टहल रही थी, इसी दौरान खुंदनी मार्ग से एक अज्ञात बाईक आकर महिला को ठोकर मार दिया। इस दुर्घटना में खोमिन साहू के सिर में गंभीर चोट लगी, तथा खोमिन साहू का पैर फैक्चर हो गया जिसे परिजनो द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां ईलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

**सलाह**

### किसानों के लिए पर्यावरण दंड का प्रावधान लागू

## छत्तीसगढ़ में फसल अवशेष जलाने पर बैन किसानों को पैरा कम्पोस्ट करने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ धान फसल पैरा कम्पोस्ट करने से मृदा और फसल दोनों को लाभ

छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रलय रायपुर के निर्देशानुसार संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में फसल कटाई के पश्चात खेतों में बचे हुए फसल अवशेष को जलाए जाने से तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। सांथ ही किसानों को पैरा दान करने व बचे धान फसल पैरा को कम्पोष्ट में परिवर्तित की सलाह दी गई है।

खेतों में बचे हुए फसल अवशेष को जलाए जाने पर दो एकड़ से कम भूमि रखने वाले कृषकों को पर्यावरण क्षति पूर्ति हेतु 2500 रूपये, दो एकड़ से पांच एकड़ से कम भूमि रखने वाले कृषकों को पर्यावरण क्षति पूर्ति हेतु 5000 रूपये, पांच एकड़ से अधिक भूमि रखने वाले कृषकों कवरण क्षति पूर्ति



हेतु 15000 रूपये से दण्डित करने का प्रावधान है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि जिले में 1.77 लाख हेक्टेयर में धान की फसल ली जाती है। धान कटाई के पश्चात पैरा खेत में छोड़ या जला दिया जाता है। पैरा जलाने से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाता है। उन्होंने जिले के किसानों से फसल कटाई के पश्चात बचे हुए अपशिष्ट फसल को न जलाकर पैरादान करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने धान फसल पैरा प्रबंधन के लाभों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान धान के पैरा को ग्राम पंचायतों को दान कर सकते है। इसके साथ ही यूरिया से उपचार कर पशुओं के सुपाच्य एवं पौष्टिक चारे के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

### पैरा को कम्पोष्ट में करें परिवर्तित

धान फसल पैरा को कम्पोष्ट में परिवर्तित होने से जीवांश की मात्र मृदा में बढ़ जाती है। जिससे मृदा की जलधारण क्षमता तथा लाभदायक सूक्ष्म जीवों सूक्ष्म तत्वों की मात्र बढ़ जाती है, जो रासायनिक उर्वरकों के उपयोग क्षमता को बढ़ा देती है। ऐसा करने से कम रासायनिक उर्वरक डालकर अधिक पैदावार ली जा सकती है। फसल कटाई उपरांत खेत में पड़े हुए पैरा, भूसा आदि का फसल अवशेषों के साथ ही गहरी जुताई कर पानी भरने से फसल अवशेष कम्पोष्ट में परिवर्तित हो जाएंगे, जिससे अगली फसल के लिए मुख्य एवं सूक्ष्म तत्व प्राप्त होंगे। फसल कटाई उपरांत खेत में धान फसल पैरा पड़े रहने के बाद भी बिना जलाए बीजों की बोनी हेत जिरो सीड कम फर्टिलाईजर ड्रिल, हैप्पी आदि बोनी यंत्र तथा फसल अवशेष प्रबंधन के यत्रें का उपयोग किये जाने से बीज का प्रतिस्थापन खेत की नमी के साथ–साथ ऊपर बिछे हुए फसल अवशेष नमी संरक्षण, खरपतवार नियंत्रण एवं बीज के सही अंकुरण के लिए मल्चिंग के रूप में कार्य करेगा।

### जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
### सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



## खबर संक्षेप

### साइकिल सवार बुजुर्ग की कार की ठोकर से दर्दनाक मौत

**बालोद।** साइकिल बनाकर आ रहे बुजुर्ग को कार ने ठोकर मार दिया। जिससे ईलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। जिसके बाद मृतक बुजुर्ग के बेटे ने वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 106(1), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम मड़वापथरा पारा बरपानी निवासी श्याम सिंग मरकाम ने पुलिस को बताया कि 07 दिसंबर को 08 बजे मड़वापथरा पारा बरपानी थाना रूद्री जिला धमतरी निवासी मेरे पिता सिवन राम मरकाम 60 वर्ष अपना साइकिल लेकर बनवाने साइकिल स्टोर्स ग्राम पुरूर गया था, करीबन 12:30 बजे राहगिरो के द्वारा फोन कर बताया कि आपके पिता सिवन राम मरकाम साइकिल बनवाकर घर जाने के लिये निकला था करीबन 12:25 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मार्ग मे ग्राम पुरूर के पास पुरूर की ओर से आ रही कार सीजी 04 एनई 0027 ने जोरदार ठोकर मार दिया जिससे मेरे पिता की मौत हो गई। कार चालक राजीव गांधी वार्ड क्रमांक 33 जगदलपुर थाना बोधघाट जिला बस्तर निवासी सुरज दास पिता भास्कर दास 27 वर्ष बताया जा रहा है।

### उद्यानिकी फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31

**बालोद।** जिले के उद्यानिकी फसल उत्पादन करने वाले किसान उद्यानिकी फसलों का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते हैं। उद्यानिकी विभाग के उप संचालक ने बताया कि उद्यानिकी फसल टमाटर, बैगन, फूलगोभी, प्याज, आलू एवं पत्तागोभी में रबी वर्ष 2025–26 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना शासन की अधिसूचना के साथ छतीसगढ़ में लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि जिले के ईच्छुक ऋणी, अऋणी किसान 31 दिसंबर तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या भारतीय कृषि बीमा इंश्योरेंश कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं।

### ओवरटेक करते ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार किया क्षतिग्रस्त

**बालोद।** ओवरटेक करते हुए आ रही ट्रक ने स्कूटी को अपने चपेट में ले लिया। इस तरह ट्रक को ओवरटेक कर आते देख स्कूटी चालक ने स्कूटी से कूदकर अपना जान बचाया। वही स्कूटी चालक ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 21 शास्त्री नगर राजहरा निवासी नफीस रजा ने पुलिस को बताया कि 8 दिसंबर को करीबन 2 बजे गार्डर पुल के पास गोडाउन से अपने स्कूटी सीजी 24 वी 6801 से अपना दुकान जा रहा था, गार्डर पुल के पास पहुंचा था गुप्ता चौंक की ओर से आ रही ट्रक सीजी 04 एमपी 8276 के चालक द्वारा अपने ट्रक को ओवरटेक करते चलाकर मेरे स्कूटी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, मैं स्कूटी से कूद गया मेरी स्कूटी ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया है।

### 24 दिसंबर को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में प्लेसमेंट कैंप

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में बुधवार 24 दिसंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 3 नियोजकों द्वारा लगभग 600 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में एसआर हास्पिटल रिसर्च सेंटर चिखली दुर्ग में मेडिकल आफिसर, डेंटिस्ट, डायलिसिस टेक, नर्सिंग स्टाफ, फिल्ड ऑफिसर, कार्पोरेट मैनेजर, जीएम मार्केटिंग, मल्टीपल वर्कर, कालेज प्रिंसिपल, लेक्चरर, आईटी इंचार्ज, गार्ड, लाइब्रेरियन, कुक, एकांउटेंट, आया, वेल्डर, फिटर के कुल 98 पद, एसआईएसएस दुर्ग में सिक्यूरिटी गार्ड, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के कुल 481 एवं जिंदल स्टील एंड मशीन रायपुर में मैकेनिस्ट, टर्नरएवं वेल्डर के 60 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यथएँ अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।








**आयोजन :** यज्ञ में शामिल हुए 30,000 श्रद्धालु, विभिन्न संस्कार सम्पन्न

# बालोद में 108 कुंडीय यज्ञ का भव्य समापन, 108 ने ली दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

नगर में संपन्न जिला स्तरीय 108 यज्ञ अंतिम दिवस दीक्षा 108 लोगो ने पंडित श्री राम शर्मा शक्ति को गुरु मानकर गायत्री मंत्र की दीक्षा लिया, गुरु की महिमा उनकी सत्ता को विस्तार से बताकर नशा, मांसाहार, झूठ, अन्याय से दूर रहने और साधना स्वाध्याय, संयम, उपासना और आराधना करने परिवार समाज राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने कहा। यज्ञोपवीत धारण करा कर उसके नियम बताया गया। सुबह 9 बजे यज्ञ प्रारंभ हुआ जिसमे 3000 हजार श्रद्धालुओं ने यज्ञ में शामिल होकर आहुति डाले, इसके पूर्व वेदी पूजन किया गया, उसके बाद सर्वतोभद्र की पूजा पुष्पा रामप्रसाद यादव ने किया, अंतिम पाली के बाद शांतिकुंज





हरिद्वार से आए मिश्रा की टोली को भावभीनी बिदाई दिया गया। इस कार्यक्रम में अब तक मुंडन संस्कार 10 लोगो का, विद्यारंभ 8, अन्नप्राशन 6, जन्म दिवस 3, विद्यारंभ संस्कार 16, आदर्श विवाह 5, दीक्षा संस्कार 108 का किया गया। दीक्षा संस्कार को शांतिकुंज की टोली ने कराया, शेष संस्कार शांतिकुंज प्रतिनिधि डॉ योगीराज यादव, वीरेंद्र साहू, राजेंद्र सिन्हा ने कराया। डाक्टर चिन्मय पंड्या के आगमन दिवस पर 15000 लोगो ने भोजन किया। इस यज्ञ में कुल 30000 लोगों ने भोजन किया इसके प्रभारी शिव कलिहारी रहे, और धनसिंह गंजीर रहे 70 लोगो की टीम कोंडागांव ने बेहतरीन सेवा दिया। ओमप्रकाश गजेन्द्र ने भी भोजन के लिए विशेष सहयोग किया, स्वास्थ्य शौचालय को भी के नायडू ने, मंच को कमलनारायण साव ने, पुंसवन संस्कार कांति साव, पुस्तक भंडार एवं मार्ग दर्शन भोलेश्वर सिन्हा तथा सभी ट्रस्टि के सदस्य गण अनेक विभागों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया।

### इनका रहा विशेष सहयोग

पूरे कार्यक्रम में गुरूर के बीएस आठनागर, दिलीप निमलकर, धनसिंह गंजीर, लोहारा से भोला राम साहू, मिलन सिन्हा, वीरेंद्र साहू इसी प्रकार बालोद ब्लॉक के करहीभदर, निपानी, दिल्ली राजहरा ने भी सहयोग दिया। सभी 4 ब्लाक से अनुदान और अनाज काफी मात्र में प्राप्त हुआ। जिला उप समन्वयक दशरथ कलिहारी ने इस महा यज्ञ में सभी ब्लॉक समन्वयक अप्रत्यक्ष प्रत्यक्ष छोटे बड़े कार्यकर्ता को धन्यवाद दिया कहा कि आपके सहयोग के बिना कार्यक्रम सफल नहीं होता संगठन को शक्ति मिली है।

# गुण्डरदेही में सरपंच संघ का धरना, पंचायतों की अनदेखी पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

गुण्डरदेही सरपंच संघ के नेतृत्व में शुक्रवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। स्थानीय बस स्टैंड

- सरपंच संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, मांगों में विकास और पेंशन शामिल
- मनरेगा भुगतान, जल जीवन मिशन और मानदेय वृद्धि सहित 12 प्रमुख मांगें



में विभिन्न मांगों को लेकर आयोजित धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा को ज्ञापन सौंपा। सरपंच संघ मांग कर रहा है कि ग्राम पंचायतों में 15वें वित की राशि अति शीघ्र प्रदान करें, डीएमएफ की राशि गुण्डरदेही ब्लॉक के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में दिया जाए, सरपंच व पंच का मानदेय सम्मानजनक हो, ग्राम पंचायत में ली जाने वाली संपत्ति कर अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही, कलेक्टर द्वारा आदेशित पत्र द्वारा मुनियादी करवा कर संपत्ति कर ली जाए, जनपद क्षेत्र अंतर्गत गांव में जल जीवन मिशन अति शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ग्राम सभा के माध्यम से मुख्यमंत्री पेंशन योजना अंतर्गत 60 वर्षों के सभी बुजुर्गों को पेंशन की पात्रता, साथ ही सभी विकलांग लोगों को भी पेंशन का लाभ मिल सके, ग्राम पंचायत के अंतर्गत कंप्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य को नियमित करण किया जाए, मनरेगा अंतर्गत निर्माण कार्यों की राशि का भुगतान अति शीघ्र किया जाए।

### सभी सरपंचों पंचों में दिखी काफी नाराजगी

सरपंच संघ के पदाधिकारी ने कहा कोरोना काल के समय भी सभी का भुगतान समय पर होता था, आज पंचायतों में बैठने की स्थिति में नहीं है, नल जल योजना के तहत टूटी पाइपलाइन को सुधारने तक का कोई फंड नहीं जिसे सभी सरपंचों पंचों में काफी नाराजगी देखने को मिली। धरना–प्रदर्शन मे सरपंच संघ के अध्यक्ष लेखराम साहू, कांतिभुषण साहू, डोमन देशमुख, रुपेश्वर यादव, दोषण साहू सहित 117 पंचायत के सरपंच पंच, पंचायत कर्मचारी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# बालोद में 16-17 दिसंबर को आयोजित होगा बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मागदर्शन में जिला प्रशासन बालोद और शिक्षा विभाग के तत्वाधान में बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 का आयोजन 16 एवं 17 दिसंबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अँग्रेजी माध्यम विद्यालय आमा पारा बालोद में किया जाएगा। बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 आयोजन का उद्देश्य छात्र–छात्राओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देना है। जिससे जिले में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सृजनात्मकता को नया आयाम मिलेगा। उल्लेखीनय है कि बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 के लिए जिले से कुल 1589 आइडियाज प्राप्त हुए है। जिसके अंतर्गत छात्रें के विचारों को

- छात्रों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की पहल
- 1589 आइडियाज में से चयनित 250 मॉडल टेक्नोफेस्ट 2 .0 में होंगे प्रदर्शित

तीन समूहों में वगीकृत किया गया। जिसमें कक्षा 6वीं से 8वीं के 853, कक्षा 9वीं एवं 10वीं के 353 तथा कक्षा 11वीं एवं 383 आइडियाज प्राप्त हुए। तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्म परीक्षण उपरांत कक्षा 6वीं से 8वीं से 75 मॉडल, 9वीं एवं 10वीं से 100 मॉडल तथा 11वीं एवं 12वीं से 75 मॉडल टेक्नोफेस्ट 2.0 में प्रदर्शन हेतु चयनित किए गए हैं।

इस टेक्नोफेस्ट में यूनिसेफ, सीएसआईटी, सीएसवीटीयू, आईआईटी, पीआईजैम फाउंडेशन, तथा आरंभ एजुटेक टेक्निकल पार्टनर के रूप में जुड़े हैं, जो विद्यार्थियों के नवाचारों के चयन, मार्गदर्शन एवं तकनीकी परामर्श में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने आशा व्यक्त की है कि यह टेक्नोफेस्ट विद्यार्थियों में विज्ञान, अनुसंधान एवं तकनीकी सोच विकसित कर उन्हें भविष्य के नवाचारों के लिए प्रेरित करेगा।

# आवारा कुत्तों के प्रबंधन और जन सुरक्षा के लिए जिले में विशेष व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के परिपालन में बालोद जिला प्रशासन

- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर प्रशासन ने चिन्हित क्षेत्रों में निगरानी शुरू की
- नोडल अधिकारियों की नियुक्ति और हेल्पलाइन 1100 से आम जनता को सुविधा

द्वारा जिले में आवारा कुत्तों की कटाने की घटना रोकथाम हेतु समुचित उपाय करने के अलावा जन सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आवारा कुत्तों के प्रबंधन की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें के अलावा शहरी क्षेत्रें में स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, खेल परिसर, बस स्टैण्ड, बस डिपो, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों का चिन्हांकन कर लिया गया है। पंचायत विभाग के उप संचालक काव्या जैन ने बताया कि प्रत्येक चिन्हांकित परिसरों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। जिसका विवरण उक्त चिन्हांकित परिसरों के प्रवेश द्वार पर चस्पा किया गया है। साथ ही चिन्हांकित स्थलों में कम से कम तीन माह में एक बार निरीक्षण करने के लिए निरीक्षण कर्ता अधिकारियों की नियुक्ति की भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों के कार्य, दायित्व तथा निरीक्षण कर्ता अधिकारियों के कर्तव्य के संबंध में समय–समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा जिले के चिन्हांकित संस्थानों के प्रशासनिक प्रमुखों द्वारा आवारा कुत्तों के गेट पर प्रवेश को रोकने के लिए संबंधित पंचायत के माध्यम से परिसर में फेंसिंग, बाउंड्रीवाल, गेट एवं अन्य अधोसंरचनाओं से सुरक्षित किए जाने किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

इसके साथ ही शासन द्वारा इस संबंध में आवश्यक मदद उपलब्ध कराने हेतु हेल्पलाईन नंबर 1100 भी जारी किया गया है। जिसके माध्यम से आम नागरिकगण सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों के संबंध में समस्याओं की जानकारी दे सकते हैं।

**अधिकारियों ने हितग्राहियों को जागरूक किया, डीईएएफ फंड से राशि वापसी के तरीके बताए**

# बालोद में लगा 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' अभियान का जिला स्तरीय कैंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के अंतर्गत आज संयुक्त कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में जिला स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया। लीड बैंक मैनेजर सौरभ जैन ने बताया

- जिले में अब तक 82 .78 लाख की राशि हितग्राहियों को की गई वापस

कि भारतीय रिजर्व बैंक और वित्तीय सेवा विभाग द्वारा 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक आपकी पूंजी आपका अधिकार के अंतर्गत एक अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत यदि किसी व्यक्ति द्वारा 10 वर्ष तक अपने खाते में लेनदेन नहीं किया जाता है तो उसे व्यक्ति के खाते की







राशि डीईएएफ फंड में हस्तांतरित हो जाती है।

इस कैंप में उपस्थित अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को शिक्षा और जागरूकता फंड के बारे में जानकारी प्रदान की गई और यदि उनका पैसा इस योजना में चला गया है तो उसे बैंक के माध्यम से वापस लाने के तरीके को भी विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि इस कैंप में कई हितग्राहियों को उनकी वापस की हुई रकम का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि बालोद जिले में कुल 57 हजार 887 खातों में कुल 13 करोड़ की राशि में से अब तक 186 खातों में 82 लाख 78 हजार की राशि वापस की जा चुकी है। शिविर में बालोद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक मनीष पराशर, राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी के सहायक महाप्रबंधक मनोज कुमार सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विपिन चंदेल और बैंक ऑफ बड़ौदा के उप क्षेत्रीय प्रबंधक ओंकार नाथ सहित सभी बैंकों और बीमा कंपनियों के शाखा प्रबंधक, अधिकारीगण और हितग्राही थे।

**जिला अस्पताल में आधुनिक मशीनों से टीबी जांच, 6 महीने तक दवाई निःशुल्क**

# बालोद जिला में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी जांच और उपचार निःशुल्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत बालोद जिले में जिला अस्पताल परिसर में जिला क्षय उन्मूलन केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहां टीबी की जांच आधुनिकतम मशीन सीबीनॉट एवं ट्रूनॉट द्वारा जांच की जा रही है, जो की पूर्णतः निःशुल्क है। जहां टीबी की जांच उपरांत पॉजिटिव आने पर उपचार हेतु जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क 06 माह तक दवाइयां दी जाती है एवं साथ ही मरीज को पोषण आहार हेतु डीबीटी के माध्यम से 6000 की राशि बैंक खाता में हस्तांतरित की जाती है।





मरीज को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जन सहयोग से निक्षय मित्र बनकर पोषण आहार प्रदान किया जाता है, जिसमें फ़ल्लीदाना, गुड़, चना, सोयाबीन तेल, सोयाबीन बड़ी, दाल, प्रोटीन पाउडर इत्यादि प्रदान किया जाता है।

शत प्रतिशत ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य

जिले के सभी विकासखंड में ट्रूनाट से टीबी की जांच की सुविधा एवं उपचार हेतु दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध है। स्वयं राज्यपाल एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़कर जिले के कलेक्टर, प्रेस क्लब, कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी, पंच, सरपंच एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी द्वारा निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लेकर मानव हित में अपना सहयोग प्रदान किये है। केन्द्र शासन की महती योजना अंतर्गत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की श्रेणी में वर्ष 2023 में जिले के 12 ग्राम पंचायत व वर्ष 2024 में 72 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया। वर्तमान में वर्ष 2025 में शत प्रतिशत ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत करने का लक्ष्य रखा गया है।

### योजनांतर्गत मरीज को मिला स्वास्थ्य लाभ

ग्राम मुल्लेगुड़ा पोस्ट बेलोदा तहसील बालोद जिला बालोद का एक मरीज जिन्हें माह अप्रैल 2025 से शाम को बुखार एवं छाती में भारीपन एवं खांसी जैसे लक्षण आने पर उसकी धर्मपत्नी जो की मितानिन है के द्वारा टीबी का लक्षण होना बताया गया, फिर स्वयं मितानिन के साथ आकर जिला चिकित्सालय बालोद के ओपीडी में डॉक्टर के परामर्श से बलगम जांच कराया गया एवं रिपोर्ट में टीबी पॉजिटिव पाया गया। रिपोर्ट पॉजीटिव आते ही तुरंत जिला क्षय उन्मूलन केंद्र से दवाई शुरू की गई। मरीज को टीबी के इलाज हेतु दवाई 06 माह तक निःशुल्क जिला क्षय उन्मूलन केंद्र द्वारा प्रदान की गई। उपचार के दौरान मरीज को दवाई खाने से कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा व स्वास्थ्य लाभ मिला एवं शासन द्वारा प्रत्येक टीबी मरीज को दिए जाने वाले पोषण आहार हेतु राशि 6000 रूपये सीधा बैंक खाता में प्राप्त हुआ व प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत फुड बास्केट निक्षय मित्र द्वारा प्रदान किया गया। शासन के द्वारा संचालित इस कल्याणकारी योजनाओं से मरीज को लाभ प्राप्त हुआ। और आज वह स्वस्थ जीवन यापन कर है। वर्तमान में वह टीबी बीमारी से ठीक होकर टीबी मितान के रूप में बालोद जिला में टीबी के प्रति जनजागरुकता अभियान में कार्य कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### रिसाली निगम क्षेत्र के प्रतिनिधि बने गोविन्द

**भिलाई।** रिसाली नगर निगम क्षेत्र के लिए ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रतिनिधि के रूप में गोविन्द राम साहू को नामित किया है। वे दुंडेरा के रहने वाले हैं और लंबे समय तक किसान नेता के रूप में सक्रिय रहे हैं। किसानों के मुद्दों पर उनकी समझ और लगातार जुड़ाव ने उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए मजबूत विकल्प बनाया है। उनकी नियुक्ति पर पार्षद विक्रम चंद्राकर, पप्पू चंद्राकर, मनीष यादव, सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत सोनवानी आदि ने हर्ष जताया है।

### कलम बंद हड़ताल को लेकर बैठक आज

**दुर्ग।** विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले काम बंद-कलम बंद हड़ताल 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित है। राजेश चटर्जी संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेसन दुर्ग ने बताया कि उत्तर प्रदेश जैसा बड़ा राज्य जहां कर्मचारियों की संख्या 25 लाख से अधिक है। वहां की सरकार अपने अधिकारी एवं कर्मचारियों को केन्द्र की तिथि जुलाई 2025 से 58 फीसदी महंगाई भत्ता की घोषणा के साथ ही बोनस तथा पेंशनर्स को महंगाई राहत भी दे रही है। जबकि छत्तीसगढ़ में ऐसा नहीं है।

### गुरु घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** 18 दिसंबर गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर ने जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट, बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे एफएल-1(घघ), एफएल-1 (घघ-कम्पोजिट), सीएस-2 (घघ), सीएस-2 (घघ-कम्पोजिट), सीएस-2 (ग-अहाता), सीएस-2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एलएल-1 (ख-अहाता), एलएल-1 (ख-कम्पोजिट अहाता), एफएल 3, 3 (क,ग), 4, 4 (क), 5, 5 (क), 6, 7, 8, सीएस-1, सीएस 1-ग, एफ.एल. 10 एवं भण्डारण भाण्डागार भिलाई को दिसंबर 2025, गुरुवार को पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिए हैं।

### 40 लाख से अधिक के कामों को मिली स्वीकृति

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्माण कार्य के लिए 4004803 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृत किया गया है।

## पेज 9 के शेष

### ग्रामीण सुरक्षा ...

अपराधों पर नियंत्रण हेतु सामुदायिक सहभागिता बढ़ाना, सुरक्षा व्यवस्था को जन–उन्मुख और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में बालोद पुलिस और स्वयंसेवी महिला कमांडो के संयुक्त प्रयासों को बैठक में सराहनीय बताया गया।

### जिला जेल का ...

निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने जेल में कैदियों की भोजन, स्नानागार, शौचालय एवं साफ–सफाई आदि संपूर्ण व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ जेलर कक्ष में पहुँचकर जेल की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी हेतु लगाए गए सीसीटीवी कैमरा का भी अवलोकन किया।

# सुपेला संजीवनी विक्रय केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड को बढ़ावा देने की योजना

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने सुपेला के संजीवनी विक्रय केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संजीवनी विक्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान अधिकारी एवं स्टॉफ से चर्चा की। उन्होंने बताया कि, संजीवनी केंद्रों के संबंध में निरंतर फीडबैक लिया जा रहा है। विक्रय केंद्र की सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी है। सुपेला स्थित संजीवनी व्रिक्रय केंद्र के माध्यम से स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार हर्बल उत्पादों का विक्रय किया जाता है। निरीक्षण के दौरान सीनियर एग्जीक्यूटिव आशीष हरमुख, उपप्रबंधक एमएस डोंगरे, जूनियर एग्जीक्यूटिव बिशेषर साहू, भाजपा नेता विनोद कौशिक, रंजन कुलदीप एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे। संजीवनी विक्रय केंद्र में कुल 100 से अधिक प्रकार के औषधीय उत्पाद उपलब्ध हैं। गिलोय, काजू, च्यवनप्राश, त्रिफला, सैनिटाइजर, सदऍ खांसी नाशक जैसे हर्बल उत्पादों की बिक्री की जाती है। पैकेट में सामग्री की मात्र के हिसाब से मूल्य तय किया गया है।

## हर्बल उत्पादों की बिक्री और सुविधा की उपाध्यक्ष की समीक्षा



### उत्पादों का किया जा रहा प्रचार–प्रसार

उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि, हर्बल उत्पाद बिक्री के लिए छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड नाम को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा विभिन्न माध्यमों द्वारा इन उत्पादों का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। बता दें कि संजीवनी विक्रय केंद्र वनोपज संघ, वन विभाग द्वारा संचालित एक रिटेल आउटलेट है, जो लघु वनोपज से बने हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पादों जैसे छत्तीसगढ़ हर्बल्स को बेचता है, जिससे वनवासियों को उनकी उपज का सही दाम मिलता है और उपभोक्ताओं को प्राकृतिक उत्पाद उपलब्ध होते हैं। ये केंद्र वनोपज के प्रसंस्करण को बढ़ावा देते हैं और इनकी बिक्री राज्यभर में फैल रही है, जो अब ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं।

## राज्य शासन का जनहितैषी निर्णय, भूमि मूल्यांकन अब सरल और पारदर्शी

# बालोद में वर्ग मीटर दर समाप्त, छोटे भूखंड धारकों और आम नागरिकों को सीधा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्क में सीधे आर्थिक राहत, निवेश और विकास को मिलेगा बढ़ावा

राज्य शासन के द्वारा पेरी अर्बन एवं अन्य ग्रामों में वर्ग मीटर दर समाप्त करने का निर्णय राज्य के छोटे भूखंड धारकों एवं जन सामान्य के लिए अत्यंत लाभप्रद एवं जनहितैषी निर्णय साबित हुआ है। राज्य शासन के इस नये निर्णय के फलस्वरूप पेरी अर्बन एवं अन्य ग्रामों से वर्ग मीटर दर समाप्त होने से अब आम नागरिकों को स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्क में सीधे लाभ मिल रहा है। जिससे संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य सहित बालोद जिले के छोटे भूखंड धारकों एवं आम नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने भूमि मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पेरी अर्बन ग्राम तथा अन्य ग्रामों में लागू वर्ग मीटर दर को पूर्णतः समाप्त कर दिया है। पूर्व में ग्रामीण में 500 वर्ग मीटर तक की भूमि की मूल्यांकन वर्गमीटर दर के अनुसार की जाती थी परन्तु अब यह मूल्यांकन हेक्टेयर दर के अनुसार की जा रही है। यह निर्णय ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्र के नागरिकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। राज्य शासन के इस निर्णय के फलस्वरूप वर्ग मीटर दर समाप्त होने से अब भूमि का मूल्यांकन वास्तविक और किफायती दरों पर होगा, जिससे रजिस्ट्री की कुल लागत कमी आएगी।





### आम नागरिकों को होगा आर्थिक लाभ

इसी तरह वर्ग मीटर दर के कारण बढ़ी हुई कीमबोझ हटने से आम नागरिकों पर सीधा आर्थिक लाभ पहुँचेगा। इसके अलावा किसानों, भू–धारकों और आम खरीदारों को बड़ी राहत मिलेगी। जिससे पारंपरिक एवं यथार्थवादी मूल्यांकन पद्धति से अनावश्यक अतिरिक्त खर्च अब नहीं लगेगा। शासन के इस नये निर्णय से रियल एस्टेट एवं विकास कार्यों को प्रोत्साहन मिलेगा। जिसके फलस्वरूप भूमि लागत कम होने से निवेश और निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। इसके साथ ही मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगा। जिससे नियमों की जटिलता कम होकर आमजन के लिए प्रक्रिया समझने और पूरा करने में आसानी होगी। राज्य शासन के इस निर्णय का प्रत्यक्ष लाभ बालोद जिले में भी देखने को मिला।

जिला पंजीयक बालोद ने बताया कि उप पंजीयक कार्यालय बालोद में 9 अक्टूबर के पंजीकृत दस्तावेज के अनुसार ग्राम देवारभाट के 15 डिसमिल भूमि का पंजियन कराया गया, जिसका पूर्वानुसार बाजार मूल्य 7,90,000 रूपये होता एवं इस पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क 74,900 देय होता, परन्तु वर्गमीटर दर समाप्त होने से उक्त भूमि का बाजार मूल्य 4,80,000 रूपये होता है। जिस पर पक्षकारों द्वारा स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क 45,500 चुकाया गया। जिससे पक्षकारों को सीधे 29,400 रूपये का लाभ प्राप्त हुआ है।

### प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने की पहल

राज्य शासन की इस नये निर्णय की सराहना करते हुए जिला मुख्यालय बालोद के ग्राम झलमला निवासी खिलेश साहू एवं उत्तम ठाकुर, ग्राम सोंहतरा निवासी हेमलता, ग्राम परसोदा निवासी ओमप्रकाश शांडिल्य, ग्राम देउरतराई निवासी सुलोचना कुंजाम, ग्राम पलारी निवासी मोतीराम साहू सहित अनेक छोटे भूखंडदारों एवं ग्रामीण जनों ने इसे भूमि मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से राज्य सरकार का यह कदम ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी जनता के हित में एक महत्वपूर्ण एवं दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय है। जिससे हजारों लोग सीधे लाभान्वित होंगे। सरकार का लक्ष्य भूमि एवं आवास से जुड़ी प्रक्रियाओं को सुलभए किफायती और जनकल्याणकारी बनाना है. और यह सुधार उसी दिशा में एक बड़ा कदम है।



# खेरथा पंचायत ने नाले में बोरी बंधान कर जल संरक्षण को दी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- संधारणीय जल स्त्रोतों की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास

ब्लॉक के खेरथा पंचायत में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेरथा नाले में बोरी बंधान का महत्वपूर्ण कार्य किया गया। प्राकृतिक जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखते हुए भविष्य के लिए बेहतर जल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु यह पहल ग्रामीणों के सहयोग से पूरी की गई। यह कार्य पंचायत के सरपंच मनोहर भुआर्य, उपसरपंच मोहसिन, रवि प्रकाश गंजीर तकनीकी सहायक तथा गांववासियों के संयुक्त प्रयास से सम्पन्न हुआ।

सभी ने मिलकर बोरी बंधान तैयार किया, जिससे नाले में वर्षा जल का ठहराव बढ़ेगा और वाटर लेवल में सुधार आएगा। बालोद जिले के कलेक्टर श्रीमती मिश्रा के निर्देशानुसार जिले की समस्त पंचायतों में जल स्तर को स्थिर रखने एवं वर्षा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए नाले-नालियों में बोरी बंधान जैसे प्रभावी उपाय किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खेरथा पंचायत ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए जल संरक्षण अभियान को धरातल पर उतारा। सरपंच मनोहर भुआर्य ने बताया कि ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ने से प्राकृतिक जल स्त्रोतों को संरक्षित करने का संकल्प मजबूत हुआ है। भविष्य में पर्याप्त जल उपलब्धता के लिए गांववासियों का सहयोग लगातार मिलता रहा है, जो इस अभियान की सफलता का प्रमुख कारण है। यह सामूहिक प्रयास जल संरक्षण की दिशा में खेरथा पंचायत की प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आया है।

# छात्रों ने थाना मंगचुवा का किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

- विद्यार्थियों को पुलिस प्रशासन और कानून–व्यवस्था का व्यवहारिक ज्ञान मिला
- साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा और यातायात नियमों पर विशेष प्रशिक्षण

वनांचल स्थित शहीद गैंद सिंह नायक शासकीय महाविद्यालय मंगचुवा के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत थाना मंगचुवा का दौरा किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुलिस प्रशासन, विधिक प्रक्रियाओं एवं कानून-व्यवस्था की कार्यप्रणाली का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना था।




भ्रमण के दौरान प्रधान आरक्षक विकास सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को विस्तृत रूप से कई महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी, जिसमें पुलिस थाने की संरचना एवं विभिन्न शाखाओं का परिचय, प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया, अपराधों की जांच प्रणाली, महिला सुरक्षा से जुड़े प्रावधान,साइबर क्राइम और उससे बचाव के उपाय,यातायात नियम एवं सुरक्षा निर्देश,पुलिस भर्ती प्रक्रिया,पुलिस-पब्लिक सहभागिता का महत्व समझाया गया। विद्यार्थियों ने भी पुलिस स्टाफ से अनेक प्रश्न पूछे, जिनका समाधान सरल एवं सारगर्भित तरीके से किया गया।

ये रहे उपस्थित

इस संवाद से विद्यार्थियों की समझ में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। कार्यक्रम के उपरांत सहायक प्राध्यापक पी. एस. चुरेंद्र ने थाना मंगचुवा के समस्त अधिकारियों को ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण हेतु महाविद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया तथा एक पौधा स्मृति-चिह्न स्वरूप भेंट किया। इस अवसर पर थाना स्टाफ से जयसिंह मंडावी, देवेन्द्र भुआर्य, अजय साहू, टीकम धरमगुड़ी, विशाल साहड़े, चन्दूलाल मानकर सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं महाविद्यालय से पी. एस. चुरेंद्र, डॉ. डी. के. मस्ता, एस. डी. मरावी, एस. पी. नायक, डॉ. रश्मि इंगले, गिरीश कश्यप सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### मीनाक्षी साहू को उपसंचालक खनिज प्रशासन के पद पर पदोन्नति

**बालोद।** जिले के खनिज विभाग में पदस्थ मीनाक्षी साहू को खनिज संसाधन विभाग मंत्रलय नवा रायपुर द्वारा उपसंचालक खनिज प्रशासन के पद पर पदोन्नत किया गया है। चूंकि बालोद जिले के विभागीय सेटअप में 'उपसंचालक' का पद स्वी—त नहीं है, इसलिए नियमानुसार उन्हें संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, नया रायपुर में नवीन पदस्थापना दी गई है। यह स्थानांतरण पूर्णतः पदोन्नति नीति के तहत किया गया है।

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष मानसिंग सार्वा ने ली शपथ

**गुण्डरदेही।** 15 दिसंबर को तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मानसिंग सार्वा व पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह व पुर्व पदाधिकारियो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम मे अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद महेंद्र कुमार साहू, पुर्व जिलाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद सोमन साहू, पूर्व राज्य मंत्री दीपक ताराचंद साहू, पूर्व विधायक विरेंद्र साहू, पुर्व विधायक डां दयाराम साहू, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद भानुमति साहू, जिला पंचायत सदस्य बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू व पूर्व जनपद अध्यक्ष गुण्डरदेही सुचित्र साहू उपस्थित रहेगे।

# धानापुरी में जल संरक्षण के लिए बरसाती नाले में बोरी बंधन कार्य संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत धानापूरी में जल संरक्षण के लिए ग्राम के बरसाती नाला में बोरी बंधन किया गया। यह ग्रामीणों, जय गुरुदेव संस्था के सहयोग से ग्राम पंचायत के सरपंच पंचों द्वारा श्रमदान कर किया गया। ग्राम के पास खारुन नदी की सहायक शाखा नाला बहती है। जहां वर्तमान में भी पानी है।



इस पानी को रोकने व बरसात के पानी के बहाव को धीमा करने में यह बोरी बंधन कार्य सहायक साबित होगा। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने जन सहभागिता से बोरा बंधान कार्य किया है, इस कार्य से ग्राम में भूजल का स्तर बढ़ेगा। इस कार्य में सरपंच खोमन लाल सिंहा, सचिव खिलावन साहू, पंच कोमल सिंह मंडावी, ओमप्रकाश सिंहा, छैलशा सिंहा, कोमल देव, केमेश्वरी मंडावी, संपरी सलाम, देविका यादव, कमलता सिंहा, संतोषी कुलदीप, अनिता गंधर्व, ठमेश्वरी सिंहा, कविता मंडावी, गंगा बाई, संस्था के मुखिया बिरसिंग यादव, जगन्नाथ मंडावी, ईश्वर ठाकुर, मीना मंडावी, पंचबती, शैलेदंरी बाई, सुशीला, नर्सों बाई उपस्थित थे।

# नवीन जिला न्यायालय भवन निर्माण का निरीक्षण, गुणवत्तायुक्त निर्माण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- प्रधान न्यायाधीश और कलेक्टर ने निर्माण प्रगति का लिया जायजा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न और कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सिवनी स्थित संयुक्त जिला कार्यालय के समीप नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न और कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्माण कार्य में शत प्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं कलेक्टर ने



निर्माणाधीन भवन के नक्शे का अवलोकन कर मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं ठेकेदार से निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने निर्माणाधीन भवन में केवल गुणवत्तायुक्त सामग्रियों का ही उपयोग करने के निर्देश दिए।

निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता न करने के सख्त निर्देश

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार की समझौता न की जाए। उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्माणाधीन न्यायालय भवन को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने हेतु निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। मिश्रा ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्माणाधीन जिला न्यायालय भवन को समय पर पूरा कराने हेतु सोमवार को ठेकेदारों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में प्रतिमाह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

# विश्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




**बालोद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार–प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्यामलाल नवरत्न के मार्गदर्शन में भारती कुलदीप के द्वारा आज विश्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज दिवस के अवसर पर करकाभाट पुलिस बटालियन में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित की गई। शिविर में उपस्थितजनों को पीएलवी के साथ मिलकर लोगों को उनके स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों और हकों को साकार करने में सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क उपचार में मदद करने हेतु, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा का टोल फ्री नंबर आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### 16 से 22 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह



**बालोद।** जिले के नेवारीखुर्द गांव में 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन होगा। स्वामी इन्द्रदेवेश्वरानंद सरस्वती महाराज के मुखारविंद से कथा होगा। इसका शुभारंभ 16 दिसंबर को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्र के साथ होगा। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक स्वामी इन्द्रदेवेश्वरानंद सरस्वती महाराज द्वारा कथा सुनाया जाएगा।

### घोटिया में 7 दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन



**बालोद।** घोटिया में 7 दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 23 से 29 दिसम्बर तक किया गया है।घोटिया में 23 से 29 दिसम्बर तक कंकूराम कोर्राम, मुकेश पूनम कोर्राम, गोपेश हेमलता कोर्राम, भगवती देवी, समस्त कोर्राम परिवार एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में 7 दिवशीय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन रखा गया है। जिसमे कथा वाचक पं. लोकेश शर्मा होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। जिसमें प्रथम दिन गोकरण पूजा, कलश यात्र वेदी पूजन, कथा प्रारंभ होगा। द्वितीय दिवस धुरव चरित्र, शती चरित्र कथा होगा। तृतीय दिवस प्रहलाद चरित्र कथा होगा। चतुर्थ दिवस कृष्ण चरित्र कथा होगा। पंचम दिवस रुखमणी विवाह होगा एवं षष्ठम दिवस पर सुदामा चरित्र चढ़ोतरी शोभायात्र होगा एवं सप्तम दिवस गीतापाठ, हवन पूर्णाहूति किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी तन्मय कोर्राम ने दिया।

### धानापूरी में मितानिनों का सम्मान समारोह आयोजित



**गुरूर।** ग्राम पंचायत धानापूरी के द्वारा मितानिनों का सम्मान किया गया। इस दौरान सरपंच खोमन सिंहा व अन्य व्यक्तियों ने मितानिनों कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि मितानिनों की सक्रियता से गर्भवती माता, शिशुवती माता व ग्रामीणों के स्वास्थ्य रक्षा के लिए प्राथमिक कार्य से ग्रामीणों को सुविधा होती है। समारोह में ग्राम की मितानिन फुलेश्वरी सिंहा, सुखी मंडावी, लोचना सिंहा, मोतीन सिंहा, टोकेश्वरी उईके का सम्मान किया गया। जिसमें पंचायत सरपंच खोमन लाल सिंहा, सचिव खिलावन साहू, पंच कोमल सिंह मंडावी, ओमप्रकाश सिंहा, छैलशा सिंहा, कोमल देव, केमेश्वरी मंडावी, संपरी सलाम, देविका यादव, कमलता सिंहा, संतोषी कुलदीप, अनिता गंधर्व, ठमेश्वरी सिंहा, कविता मंडावी, गंगा बाई व सभी जनप्रतिनिधि ग्रामीण उपस्थित थे।

---

**आयोजन : मुख्य अतिथि एसपी विजय अग्रवाल ने खेलों को जीवन विकास का आधार बताया**

# शैलदेवी महाविद्यालय में द्वि-दिवसीय वार्षिक खेल-कूद स्पर्धा का शुभारंभ







हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा में दिनांक 12 एवं 13 दिसंबर को आयोजित द्वि–दिवसीय वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता 2025–26 का शुभारंभ 12 दिसंबर को उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में श्री विजय अग्रवाल (आईपीएस), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दुर्ग तथा विशिष्ट अतिथि राजन कुमार दुबे चेयरमैन शैलदेवी एजुकेशन सोसायटी, भिलाई ने गरिमामय उपस्थित प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के आत्मीय स्वागत एवं प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की शैक्षिक–सांस्कृतिक उपलब्धियों तथा खेल प्रतियोगिता के उद्देश्य पर आधारित स्वागत भाषण से हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथि अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, टीम–स्पिरिट एवं शारीरिक–मानसिक विकास में खेलों की महत्ता पर प्रेरक विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि मेरा सदैव से मानना रहा है जिस कार्य से खुशी मिले वही कार्य करें परंतु लक्ष्य अपनी क्षमता अनुसार ही तय करें। संघर्ष से ही सफलता प्राप्त होती है। अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति और आत्म बल के आधार पर आगे बढ़ते रहें।माता-पिता व गुरुओं के मार्गदर्शन को समझे और लॉजिकल एटीट्यूड बनाए रखते हुए अपना भविष्य निर्माण करें। इस प्रकार उन्होंने अपने सार्थक विचार व्यक्त करते हुए महाविद्यालयीन गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के प्रदर्शन को सराहते हुए उनके प्रश्नों के सार्थक उत्तर दिए।

#### मुख्य अतिथि को दिया गार्ड ऑफ ऑनर

विद्यार्थियों ने भव्य परेड के माध्यम से मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया, जिसके बाद योग एवं दर्शन संकाय के विद्यार्थियों ने शिव–धुन पर आकर्षक योगासनों की प्रस्तुति दी तत्पश्चात सभी संकायों के विद्यार्थियों द्वारा एसडीएम प्रस्तुति तथा शिक्षा संकाय द्वारा भूले–बिसरे पारंपरिक छत्तीसगढ़ी खेलों को नृत्य के माध्यम से पुनर्जीवित करती अद्भुत प्रस्तुति दी गई। जुंबा प्रस्तुति ने भी कार्यक्रम को विशेष उत्साहपूर्ण बना दिया।

#### विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

आज के खेल आयोजन का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा संयुक्त रूप से वॉलीबॉल टॉस कराकर किया गया। प्रथम दिवस में कबड्डी, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, गोला फेंक, स्लो साइकिल, गोली–चम्मच, सुई–धागा, फुगड़ी दौड़ एवं टीटंगी दौड़ जैसी विविध रोचक स्पर्धाएँ आयोजित हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशिष्ट अतिथि द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। द्वि–दिवसीय प्रतियोगिता का आगामी चरण कल 13 दिसंबर को आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबले एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न किया जाएगा।

---



## डौंडी में विद्यार्थियों को सिखाया गया मिट्टी नमूना लेने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

- कृषि विभाग ने खेत में कराया प्रायोगिक प्रशिक्षण
- 120 विद्यार्थियों ने लिया मृदा परीक्षण जागरूकता का लाभ

स्कूल साइल हेल्थ प्रोग्राम अंतर्गत आज डौंडी में एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थियो को कृषि विभाग द्वारा मिट्टी नमूना लेने के तरीके, सावधानी और महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। आज कृषि विभाग के अधिकारियो द्वारा मिट्टी परीक्षण हेतु मृदा नमूना लेना सिखाया गया और आज 3 नमूना लिया गया।

इस कार्यक्रम में श्री पवन कुमार यदु, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डौंडी, प्रमिला ठाकुर (कृषि विकास अधिकारी सुरडोंगर), सी एल हिरवानी (कृषि विकास अधिकारी चिखलाकसा), दिलेश्वर मार्गे (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सलहाइटोला), युवराज राजपूत, (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी खैरवाही) आदि अधिकारियों ने विद्यार्थियों को खेत में प्रायोगिक रूप से मिट्टी नमूना लेना सिखाया। जिले के अलग अलग क्षेत्रों के विभिन्न ग्रामों के बच्चे इस विद्यालय में अध्ययनरत हैं उनमें से 120 विद्यार्थी इस प्रशिक्षण का लाभ लिए।

इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों में मृदा परीक्षण के प्रति जागरूकता लाना है ताकि वे जागरूक होकर अपने माता पिता को इसका महत्व समझा सकें और अपने खेतों में मृदा स्वास्थ्य पत्रक के आधार पर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें इससे वे कृषक उर्वरकों के अनावश्यक खर्चे से बच जाएँ और अधिक उर्वरक के प्रयोग से होने वाले नुकसान से भी बच जाएँ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य श्री एन के सिंह के मार्गदर्शन में स्कूल के स्टॉफ से मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के प्रभारी शिक्षक श्री अक्षय कुमार राठौर, ज्योति मौर्या, मोनिका, पुष्पेंद्र प्रजापति, जॉनी और परविंदर साहू ने अपना योगदान दिया। बच्चे बहुत प्रसन्न हुए।

---

## पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत हितग्राहियों को मिला स्वीकृति



**गुरूर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत मंगलवार को नगर पंचायत गुरुर में हितग्राहीयो को कार्य स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू एवं उपाध्यक्ष कुंती ताम्रज सिन्हा ने हितग्राहियो को स्वीकृति पत्र सौपा।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा कि राज्य मे ट्रिपल इंजन की सरकार तेजी से शहरी गरीबो और पात्र मध्यवर्गीय परिवारो को पक्के मकान उपलब्ध कराने की दशा में काम कर रही है। नगर पंचायत गुरुर मे भी पात्र परिवारो को पक्के मकान लगातार स्वीकृत हो रहे है। उन्होने बताया की स्वीकृति पत्र मिलने के बाद हितग्राही अब अपने पक्के घर के मिर्माण दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे। इस अवसर पर पार्शद भूपेश कुमार लोहले, पार्शद गिरधर लाल ठाकुर, पार्शद राकेश दीवान, पार्शद नारायण टेके, पूर्व पार्शद ताम्रज सिन्हा व समस्त पार्शदगण नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## गडबेडहा राव मंदिर में भाजपा मंडल ने चलाया स्वच्छता अभियान

**गुरूर।** मिर्रीटोला भाजपा मंडल द्वारा ग्राम कुलिया में गडबेडहा राव मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। गडबेडहा मंदिर प्रांगण में चेकर लगाने हेतु जनप्रतिनिधि द्वारा राशि प्रदान करने की घोशणा की गई। मंदिर प्रांगण में चेकर लगाने के लिए सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू ने 2 लाख पेवर ब्लाक के लिए, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने 1 लाख पेवरब्लाक के लिए, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने मंदिर में टाईल्स निर्माण, जनपद सदस्य संतोषी साहू 1 लाख पेवरब्लाक के लिए, जनपद पंचायत सभापति नरेश साहू 2 गाड़ी पेवरब्लाक हेतु देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर सभापति जिला पंचायत बालोद तेज राम साहू, जिला संयोजक स्वच्छता प्रकोष्ठ दुर्गानंद साहू, जनपद पंचायत सभापति नरेश साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, सरपंच पेण्डरवानी त्रिलोकी राम साहू, संजय साहू, जनपद सदस्य हेमन्त साहू, धर्मेन्द्र साहू, अजय साहू, कुलेश्वरी साहू, निर्मला विश्वकर्मा सहित कार्यकर्ता बन्धु एवं ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नशीली दवाओं के साथ 6 आरोपी गिरफ्त में

**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ 6 आरोपी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्श्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नशीली दवाओं का अवैध कारोबार करने की जानकारी दादर में बेचने की मिली थी। दबिश देकर भिलाई तीन पुलिस ने दादर चरोदा निवासी कमल किशोर उर्फ भीम, संगम चौक चरोदा भिलाई तीन चंद्रकांत साहू उर्फ पटवारी को पकड़ा गया। जिसके पास से तीन मोबाईल, नशीली दवाई 840 नग जब्त किया गया। जिसकी कीमत 3.36 लाख रुपए आंकी गई। जांच में पता चला कि आरोपी कमल, चंद्रकात अन्य साथीगण राजीव नगर, जोन 02, बीएम.वाय चरोदा निवासी नितेस दास , सूरज नगर जी केबिन मनीष राज, रामनगर शीतला पारा रायपुर पारस साहू, कबीर नगर चरोदा अब्दुल तसलीम के द्वारा अवैध प्रतिबंधित नशीली दवा खरीदना बेचना स्वीकार किया।

## अंडरब्रिज निर्माण के विरोध में ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

- डिविजनल रेलवे मैनेजर ने स्थल पर चर्चा का दिया आश्वासन



पल्लेकसा सिंघनवाही मार्ग पर कुसुमकसा का रेलवे फाटक पर अंडरब्रिज निर्माण ना कराने की मांग को लेकर वेदबाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा के साथ पंचगण व ग्रामीण रेलवे विभाग के डिविजनल रेलवे मैनेजर (डी आर एम)रायपुर के कार्यालय में ज्ञापन दिया, रेल प्रबंधक ने आगामी बुधवार /गुरुवार को रेलवे स्टेशन कुसुमकसा पहुंचकर चर्चा करने का आश्वासन दिए है। वेदबाई सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा ने बताया की उक्त मार्ग से कुसुमकसा गुण्डराटोला, अडजाल, खलारी, टेकाढोडा, हाथीघोर्रा, पल्लेकसा धोबनी, सिंघनवाही,घोटिया सहित अन्य ग्रामीणों का आवागमन का मुख्य मार्ग है, कुसुमकसा के किसानों का खेत रेल्वे फाटक से उस पार होने के कारण कृषि कार्य हेतु खेतो में जाने के लिए उक्त मार्ग का ही उपयोग करते है। मोहन हिडको ने बताया की जानकारी अनुसार रेलवे विभाग द्वारा रेलवे फाटक की जगह अंडरब्रिज निर्माण की स्वीकृति कर दी है, अंडरब्रिज निर्माण होने से ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी होगी वही बरसात के दिनों में अंडरब्रिज में पानी भरे जाने से आवागमन बाधित होगा, ग्रामीणजन अंडरब्रिज निर्माण का पुरजोर विरोध करते हुए अंडरब्रिज की जगह ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग कर रहे है, ज्ञापन देने वेदबाई पिस्दा सरपंच के साथ पंचगण संतोष जैन, सुगरा बेगम ग्रामीण समिति अध्यक्ष आत्मा राम चुरेंद्र, मोहन हिडको, जगन्नाथ सिवना उपस्थित थे।

## प्रधानपाठक ने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



छ.ग. स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार पालकों के बीच सामंजस्य स्थापित करने व भाईचारा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्रधान पाठक विजय कुमार पटेल ने अपने जन्म दिन के अवसर पर शा. प्रा./ मा. शाला सहगांव में न्योता भोज कराया।

न्योता भोज में चांवल, दाल, सब्जी के साथ खीर- पुड़ी, पापड़ परोसा गया। स्वादिष्ट भोजन खाकर बच्चे प्रसन्न हुए। स्टॉफ व समिति के पदाधिकारियों ने जन्म दिन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टॉफ के. एल. चुरेन्द्र, नीलिमा राम, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, केशर अलेन्द्र, गिरीश कुमार निर्मोही, भागवत तारम, सुरेखा यामले, दुलौरीन सहारा, लीला यादव, नसीब टेमार्य, विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी दिलीप कुमार मेश्राम, टीकम सिंह लोहमार, प्रेम लाल निषाद, गोविन्द सिंह चुरेन्द्र, यमुना प्रसाद कोसार्य, जोहन लाल तारम, कुमारी उर्वशा, लक्ष्मी माहला, सगाबती पिस्दा, मालेश्वरी भुआर्य, हीराबाई गोटे, यास्मीन शेख और हेमकुंड यादव उपस्थित थे।

### चन्द्रहास साहू ने जन्मदिन कराया न्योता भोज



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा के प्रधान पाठक चन्द्रहास साहू ने अपने जन्मोत्सव की खुशी शालेय बच्चों के साथ मनायी। सभी बच्चों को मध्याह्न भोजन के साथ न्योता भोजन के रूप में खीर, पुड़ी, पनीर की सब्जी, मिठाई वितरित किये। ठंडी से त्वचा की सुरक्षा हेतु प्रत्येक बच्चे की बोरोप्लस की डिब्बी भी दिया गया। बस्ताविहीन शनिवार के अवसर तथा बच्चों द्वारा शाला स्तर पर जन्मदिन का सादगीपूर्ण आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा उपलब्ध करायें गये केक काटकर प्रधान पाठक भावविभोर हो गये।शौर्या निर्मलकर कक्षा चौथी ने बर्थडे गिफ्ट के रूप में नारियल का पौधा साथ ही साथ उमावि विनायकपुर शाला परिवार से भी सेवंती का पौधा उपहार स्वरूप दिया गया। इन्होंने दिया धन्यवादः शाला के प्रधान पाठक चन्द्रहास साहू ने अध्ययनरत समस्त बच्चों के साथ उपस्थित पेमिन नागवंशी (सहायक शिक्षक), संतोष पाटिल (शिक्षक), विजेता सुर्यवंशी, डीपी चन्द्राकर (सेनि प्राचार्य), वेदप्रकाश साहू,पूजा निर्मलकर (एस एमसी अध्यक्ष), जामवंत साहू (उपाध्यक्ष), शकुन साहू, सीता साहू, मोनिका साहू, कुसुमलता यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

### 13 को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

**बालोद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को जिला न्यायालय परिसर बालोद में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

**जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने किया मुख्य अतिथि के रूप में भूमिपूजन**

## तमोरा में गौरवपथ का भूमिपूजन, विकास को मिली नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- तमोरा गांव में गौरवपथ से ग्रामीणों को मिले बेहतर सड़क सुविधा और विकास का प्रतीक





क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर गुण्डरदेही विकासखंड के अंतिम छोर पर बसे ग्राम तमोरा में बहुप्रतीक्षित गौरवपथ का भूमिपूजन किया तथा ग्रामीणों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी ने किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, जनपद सदस्य संध्या खरे, पूर्व सरपंच लक्ष्मी मधुकर, सरपंच ग्राम पंचायत तमोरा हिंछा राम सोरी, सरपंच ग्राम पंचायत पांगरी प्रमोद पटेल, पूर्व सरपंच पांगरी नेमलाल यादव, भाजयुमो अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, बूथ अध्यक्ष डाल सिंह शामिल हुए।

**गौरवपथ की मिली स्वीकृति :** भूमिपूजन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर कहा कि यह गौरवपथ न सिर्फ गांव की सड़कों को मजबूती देगा, बल्कि यह विकास और उन्नति की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। पूरे विकासखंड के 117 गांव में सिर्फ तमोरा गांव ऐसा है जहां गौरवपथ की स्वीकृति मिली है। यह सड़क सिर्फ कंक्रीट का ढांचा नहीं है, बल्कि यह हमारे गांव के गौरव और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। मैं सभी ग्रामीणों को इस विकास कार्य की स्वीकृति पर की बधाई देती हूँ और विश्वास दिलाती हूँ कि विकास की यह यात्र ग्राम तमोरा सहित विकास खण्ड के सभी ग्रामों मे अनवरत जारी रहेगी। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम में नरसिंह रात्रे, युवराज चंद्राकर, सरयू प्रसाद, खगेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
25 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411